Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Bangaru Smt. Susheela Laxman

>

Title : Need to provide financial assistance to the Government of the Rajasthan with a view to solve drinking water problem in the State.

श्रीमती सुशीला बंगारु लक्ष्मण (जालौर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान, जिसका अधिकांश भूभाग रेतीला एवं शुक है तथा जहां वर्ा बहुत ही कम होती है, पिछले अनेक सालों से पेयजल संकट से जूझ रहा है। लगातार सूखे से जूझ रहे प्रदेश में भूजल काफी नीचे चला गया है, जिससे यह समस्या और भी गंभीर हो गयी है। मेरे अपने संसदीय क्षेत्र जालौर में भूजल में लवणता, फ्लोराइड, नाइट्रेट आदि की अधिकता पायी गयी है, जिससे यहां के लोगों के लिए पेयजल का संकट और गहरा गया है। केन्द्र सरकार राजीव गांधी रा्ट्रीय पेयजल मिशन के अंतर्गत राजयों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। भूजल स्तर को बढाने के लिए वर्ा जल संचयन को बढ़ावा देना आवश्यक हो गया है, जिसके लिए प्रदेश में घर घर के सामने वर्ा जल संचयन के प्रावधान के साथ हमें तालाबों, बाबड़ियों, कुओं एवं अन्य पारंपरिक संसाधनों को बढ़ावा देना होगा। दूति भूजल को पीने योग्य बनाने के लिए प्रयोगशालाओं और ट्रीटमेंट प्लांटों की स्थापना काफी बड़े स्तर पर करनी होगी। क्योंकि राजस्थान की आर्थिक स्थिति कमजोर है। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि राजस्थान की पेयजल समस्या और संदूति जल की समस्या को हल करने के लिए प्रदेश को भरपूर केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाये तथा ऐसी सहायता का प्रावधान प्रत्येक वित्त वर्ा में किया जाये तभी इस सीमावर्ती रेगिस्तान राज्य में पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा।